आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 13.12.2024
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– महाकुंभ 2025 का आयोजन देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नए शिखर पर ले जाने का प्रयास करेगा।
- प्रधानमंत्री ने प्रयागराज में लगभग 6 हजार 670 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- हरिद्वार के जिलाधिकारी ने कार्यालयों में अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

## पीएम महाकुंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महा कुंभ 2025 का आयोजन देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नए शिखर पर ले जाने का प्रयास करेगा। प्रधानमंत्री ने आज प्रयागराज के संगम क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ एकता और समानता का ऐसा महायज्ञ होगा, जो राष्ट्र का मार्गदर्शन करेगा और इसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी।

महाकुंभ–2025 आधिकारिक तौर पर अगले साल 13 जनवरी से शुरू होगा और 26 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लगभग 6 हजार 670 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिसमें प्रयागराज में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाएं शामिल हैं।

## वॉटर स्पोर्ट्स समापन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है प्रदेश सरकार, राज्य में युवा प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज टिहरी झील में वाटर स्पोर्ट्स कप के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जा रहा है। साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए राष्ट्रीय खेलों को "ग्रीन गेम्स" की थीम पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न केवल खेलों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता भी फैलाएगा।

## भोजपत्र

हिमालयी राज्यों में पाए जाने वाले भोजपत्र वृक्ष को लेकर वैज्ञानिकों ने चिंता व्यक्त की है। राष्ट्रीय हिमालयी अध्ययन मिशन के तहत वर्ष 2018 में अल्मोड़ा के कोसी स्थित गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान ने हिमाचल प्रदेश में भोजपत्र वृक्ष प्रजाति पर सघन अनुसंधान किया। वैज्ञानिकों ने पाया कि इस वृक्ष की संख्या लगातार घट रही है। आकाशवाणी से बातचीत में संस्थान के वैज्ञानिक डॉ  एम.एच लोधी ने भोजवृक्ष के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है।

## बहुउद्देशीय शिविर

चमोली जिले के गैरसैंण ब्लॉक के सीमांत गांव पिंडवाली में आज बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसके अलावा 275 से अधिक लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में विभागीय स्टॉल के माध्यम से विविध प्रमाण पत्र मौके पर जारी करने के साथ ही ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## औचक निरीक्षण

हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने आज जिले के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन रोकने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। श्री सिंह ने जिले में तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे बिना अवकाश स्वीकृत कराए कार्यालय से अनुपस्थित नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी जनता के कार्यालय पहुंचने से पहले निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

## मॉक ड्रिल

चंपावत जिले में आज भूकंप को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के साथ ही राहत और बचाव कार्यों के प्रति सतर्कता व जागरूकता प्रदान करना है।

## एआई आधारित नेत्र जांच

दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एआई आधारित नेत्र जांच के शोध परियोजना में दून अस्पताल को शामिल किया गया है। दून अस्पताल पहुंची दिल्ली एम्स की एआई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नेत्र रोग विभाग के चिकित्सकों को नेत्र जांच के एआई मॉड्यूल के बारे में प्रशिक्षण दिया। दून अस्पताल के रेटीना विशेषज्ञ डॉ. नीरज सारस्वत ने बताया कि एआई आधारित यह शोध अगर सफल होता है, तो इसकी मदद से एक साथ 50 से भी अधिक मरीजों की डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच की जा सकेगी। यह तकनीक पर्वतीय क्षेत्रों में मौजूद ग्रामीण और पिछड़े हुए क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए काफी मददगार होगी।

## पौड़ी महोत्सव समापन

पौड़ी जिले में तीन दिवसीय पौड़ी महोत्सव का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। महोत्सव में शतरंज, चित्रकला, रंगोली, कैरम और टेलेंट हंट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि ऐसे महोत्सवों के माध्यम से कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का मंच मिलता है।

## विश्व आयुर्वेद कांग्रेस

देहरादून के परेड ग्राउंड में चल रहे विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो में 53 देशों के छह हजार से अधिक विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। जबकि विभिन्न आयुर्वेद कंपनियों की ओर से 250 से अधिक स्टॉल और परामर्श केंद्र भी बनाए गए हैं, जहां आयुष की विभिन्न विधाओं के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर परामर्श दिया। वहीं इस एक्सपो में लगाए गये विभिन्न स्टॉल से लोग आर्युवेदिक उपचार हांसिल कर रहे हैं। वहीं आयुर्वेद के क्षेत्र में पिछले लंबे समय से कार्य कर रही एक कम्पनी ने भी अपना स्टॉल लगाया गया है। वैद्य रूपाली बाउकर ने बताया कि कंपनी की ओर से पंचकर्म के लिए एक ऐसा टेबल तैयार किया गया है, जिसमें पंचकर्म की सभी विधाएं पूरी की जा सकती है।